WINTER HOLIDAY HOMEWORK

हिंदी– *विद्यालय के वार्षिकोत्सव के बारे में बताते हुए अपने मित्र या सखी को पत्र लिखिए |

*आपने अपने शीतकालीन अवकाश को कैसे बिताया इस बारे में एक अनुच्छेद लिखिए |

*मेट्रो ट्रेन का एक चित्र अपनी साहित्य की संचिका में चिपकाइए |

Science-- *working modal of periscope or pinhole camera.

*make usable item from best out of waste material.

*do question answer till chapter–12.

Math– Make a Kaleidoscope and do exercises of chapter Symmetry.

Sanskrit– *भारत के प्रसिद बागों के नाम चित्र सहित कॉपी में लगाइए|

*किसी एक प्रसिद्ध विद्वान् की जीवनी अपनी कॉपी में लिखिए|

French– Learn All conjugation and chapter 7 and 8.

English-- Do the question and answer of "Wolf children II" and do all the unseen comprehension in grammar book.

S.S.T-- Read the Chapter 11 (Political Development). Marks The Question Answer in Book And do Q/A of Chapter 10 in Fair Copy. Draw Diagrams or paste pictures of chapter 11 in History copy and chapter 21 in geography copy and chapter 27 in civics copy.

कक्षा 6 हिन्दी

निर्देश -

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड है - क, ख, ग, व घ ।
2. चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश दीजिए ।

खण्ड 'क' अपठित बोध

प्र.१- निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (६)

वैसे तो मेरे मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को 'बदलू मामा' कहना चाहिए था परंतु मैं उसे 'बदलू मामा' न कहकर बदलू काका कहा करता था जैसा कि गाँव के सभी बच्चे उसे कहा करते थे। बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने बड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भठी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की बेलननुमा मुंगेरियाँ रखी रहतीं जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुँगेरियों पर चढ़ाकर गोल और चिकना बनाता और तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात वह उन पर रंग करता।

(क) लेखक को बदलू को किस संबोधन से पुकारना चाहिए था पर वह किस संबोधन से पुकारता था और क्यों ?
(ख) बदलू का मकान कैसा था ?
(ग) बदलू अपना काम कहाँ करता था ?
(घ) बदलू अपना काम कैसे करता था ?
(ङ) वह किससे चूड़ी बनता था और कैसे ?
(च) 'मुलायम' और 'पुराना' शब्द का विलोम लिखिए|

खंड 'ख' व्याकरण

प्र.२(क)- निम्न वाक्यों में विशेषण रेखांकित कीजिए--- (२)

i. कुत्ता बहुत छोटा तथा सफ़ेद था|
ii. काली बिल्ली सफ़ेद चूहे को पकड़ रही थी|

(ख)निम्न शब्दों में उचित विशेषण जोडिये---- (२)
राजा, लड़की, बन्दर, घोडा

(ग)निम्न शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए--- (२)
नगर, आंचल, कोमल, अनार

(घ)वर्ण किसे कहते है? (१)

(च)अनुस्वार तथा अनुनासिक वर्णों से एक-एक शब्द बनाइये| (१)

खंड 'ग' पठित बोध

प्र.३-नीचे दिए गए दोहे का अर्थ लिखिए---- (२)

रूठे सुजन मनाइए. जो रूठें सौ बार |

रहिमन फिरि-फिरि पोहिए, टूटे मुक्ताहार ||

प्र.४-गद्यांश पढ़कर उत्तर दीजिये---- (३)

लांस नायक एक्का को गहरे घावों तथा खून बह जाने के कारण अपने प्राणों का बलिदान करना पड़ा | उनतीस वर्षीय लांस नायक एक्का को मरणोपरांत वीरता के सर्वोच्च पदक परमवीर चक्र से सुशोभित किया गया | बांग्लादेश की लड़ाई का यह एक मात्र परमवीर चक्र था|

i. लड़ाई किन दो देशों के बीच थी?
ii. वीरता का सर्वोच्च पुरस्कार कौन सा है?
iii. मरणोपरांत का क्या अर्थ है?

प्र.५-निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये----- (६)

(क) मधुर वचन की तुलना किससे की गई है?

(ख) मुक्ताहार का उदाहरण क्यों दिया गया है?

(ग) हमला गुपचुप ढंग से शुरू करने के बावजूद परिणाम क्या रहा और क्यों?

प्र.६-वाक्य समझाइये---- (१)

हीरे की टक्कर हीरे के साथ थी |

<u>खंड 'घ' रचनात्मक लेखन</u>

प्र.७-विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तक मंगवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखो| (२)

प्र८-चित्र देखकर कुछ वाक्य लिखो| (२)

****

निर्देश -

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड है - क, ख, ग, व घ ।

2. चारों खंडो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश दीजिए ।

खंड - 'क' अपठित बोध

प्र०1 निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

तुम्हे क्या करना चाहिये, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता । कैसा भी विश्वास-पात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता । हम अनभुवी लोगो की बातों को आदर के साथ सुने, बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञतापूर्वक माने पर इस बात को निश्चित समझकर की हमारे कायों से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा, हमें अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए । जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा । नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर रहेंगे पर इस बात को न देखेंगे की यह रास्ता किधर जाता है । चित्त की स्वतंत्रता का मतलब चेष्ठा की कठोरता या प्रकृति की उग्रता नहीं है । अपने व्यवहार में कोमल रहो और अपने उददेश्यों को उच्च रखो, इस प्रकार नम्र और उच्चाशय दोनों बनो । अपने मन को कभी मरा हुआ न रखो । जो मनुष्य अपना लक्ष्य जितना ऊपर रखता है, उतना ही उसका तीर ऊपर जाता हैं, इसी चित्त प्रवृति के बल पर मनुष्य परिश्रम के साथ दिन काटता है और दरिद्रता के दुःख को झेलता है । चित्त -वृत्ति के प्रभाव से हम प्रलोभनों का निवारण करके सदा उसे पद-दलित करते है कुमत्रंण का तिरस्कार करते हैं और शुदध् चरित्र के लोगो से प्रेम और उनकी रक्षा करते हैं।

क) हम जीवन में सही निर्णय किस प्रकार ले सकते है?

ख) लेखक ने दृष्टि नीची न रखने की सलाह क्यों दी है ?

ग) नीची दृष्टि रखने से क्या लाभ है ?

घ) चित्त की स्वतंत्रता किसे कहा गया है ?

ङ) मन को मरा हुआ रखने से क्या आशय है?

च) चित्त प्रवृति के बल पर मनुष्य सफ़लता किस प्रकार प्राप्त करता है?

खण्ड 'ख' व्याकरण

प्र.२- निर्देशानुसार उत्तर दीजिये----

(क)निम्नलिखित में संधि तथा उसका नाम भी लिखिए– (४)

हर+एक , तथा+एव, मन:+रथ, उत्+लास

(ख)निम्नलिखित का संधि विग्रह कीजिये---- (४)

महेश, प्रत्येक, देहान्त, यथार्थ

खण्ड 'ग' पठित बोध

प्र.३- काव्यांश पढ़ कर उत्तर दीजिये--- (३)

गाकर गीत विरह के तटिनी, वेगवती बहती जाती है|
दिल हल्का कर लेने को उपलों से कुछ कहती जाती है|
तट पर एक गुलाब सोचता "देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का मैं भी जग को गीत सुनाता|"
गा-गाकर बह रही निर्झरी पाटल मूक खड़ा तट पर है |

i. पाठ तथा कवि का नाम लिखिये|

ii. नदी के किनारे सोचते हुए गुलाब से सम्बंधित पंक्तियों को लिखिए|

iii. विधाता और निर्झरी का पर्याय लिखिए|

प्र.४- 'यह अपने आप में हठयोग का उदाहरण था|' इस पंक्ति से आप क्या समझते हैं? (२)

प्र.५-प्रकृति के साथ पशु-पक्षियों के सम्बन्ध की व्याख्या कीजिये| (२)

प्र.६-व्याख्या कीजिये---- (२)

हुई न क्यों मैं कड़ी गीत की, विधना यूं मन में गुनती है|

प्र.७-आशय स्पष्ट कीजिये--- (२)

उनके लिए सरस्वती की साधना सरकारी सुख-सुविधाओं से कहीं अधिक महत्वपूर्ण थी|

प्र.८-रेखांकित शब्दों के विलोम शब्दों को रिक्त स्थान में भरिये---- (१)

i. आजकल बाज़ार में <u>देशी</u> और _________दोनों प्रकार के खिलौने उपलब्ध हैं|

ii. अस्पताल के <u>अस्थाई</u> कर्मचारियों को___________ रूप में नौकरी दे दी गई|

खंड 'घ' रचनात्मक लेखन

प्र.९- ट्रेन में मिले दो अजनबियों के मध्य हुए संवाद को लिखिए| (३)

प्र.१०- चित्र पहचान कीजिये----- (१)

****

जब से मानव अस्तित्व में आया तब से ही भाषा का उपयोग कर रहा है चाहे वह ध्वनि के रूप में हो या सांकेतिक रूप में या अन्य किसी रूप में। भाषा हमारे लिए बोलचाल का माध्यम होती है। संप्रेषण का माध्यम होती है।

इसके द्वारा हम अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। बातचीत कर सकते हैं। दूसरे लोगों के विचार सुन सकते हैं। यह बिलकुल सही है क्योंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज का निर्माण मनुष्यों के पारस्परिक सहयोग से होता है। समाज में रहते हुए मानव आपस में अपनी इच्छाओं तथा विचारों का आदान-प्रदान करता है।

विचारों को व्यक्त करने के लिए उसे भाषा की आवश्यकता होती है। अत: हम यह कह सकते हैं कि जिन ध्वनियों द्वारा मनुष्य आपस में विचार विनिमय करता है उसे भाषा कहते हैं। इसको हम इस प्रकार भी कह सकते हैं- सार्थक ध्वनियों का समूह जो हमारी अभिव्यक्ति का साधन हो, भाषा कहलाता है।

भाषा के साथ एक महत्वपूर्ण बात यह है कि भाषा केवल ध्वनि से व्यक्त नहीं होती। संकेत तथा हाव-भावों से भी व्यक्त होती है जैसे बोलते समय चेहरे की आकृति में परिवर्तन होना, हाथ तथा उँगलियाँ हिलाना।

क्या किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है। किसी भी देश की राष्ट्रभाषा उसे ही बनाया जाता है जो उस देश में व्यापक रूप में फैली होती है। संपूर्ण देश में यह संपर्क भाषा व्यवहार में लाई जाती है।

भाषा राष्ट्र के लिए क्यों आवश्यक है। भाषा राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि राष्ट्र को सशक्त बनाना है तो एक भाषा होना चाहिए। इससे धार्मिक तथा सांस्कृतिक एकता बढ़ती है। यह स्वतंत्र तथा समृद्ध राष्ट्र के लिए आवश्यक है। इसलिए प्रत्येक विकसित तथा स्वाभिमानी देश की अपनी एक भाषा अवश्य होती है जिसे राष्ट्रभाषा का गौरव प्राप्त होता है।

क्या किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है। किसी भी देश की राष्ट्रभाषा उसे ही बनाया जाता है जो उस देश में व्यापक रूप में फैली होती है। संपूर्ण देश में यह संपर्क भाषा व्यवहार में लाई जाती है।

राष्ट्रभाषा संपूर्ण देश में भावात्मक तथा सांस्कृतिक एकता स्थापित करने का प्रधान साधन होती है। इसे बोलने वालों की संख्या सबसे अधिक होती है। हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी भारत के प्रमुख राज्य जैसे मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में प्रमुख रूप से बोली जाती है।

हम सभी इस बात को मानते हैं कि हिन्दी भाषा बोलने में, लिखने में, पढ़ने में सरल है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या हिन्दी भाषा का आरंभिक स्वरूप ऐसा ही था। हमारी अपनी सी लगने वाली हिन्दी भाषा का रूप ऐसा नहीं था। प्रारंभ में यह बोली के रूप में थी।